भारत सरकार
संसदीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या - 4371
दिनांक 20/08/2025 को उत्तर के लिए

राष्ट्रीय कर्मयोगी - बड़े पैमाने पर जन सेवा की पहल

4371.श्री आलोक शर्माः
श्री पी.सी. मोहनः
श्री योगेन्द्र चांदोलियाः
श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाहः
श्री प्रदीप कुमार सिंहः
श्री प्रताप चंद्र षडङ्गीः
डॉ. विनोद कुमार बिंदः
श्री जनार्दन मिश्राः
श्री अनन्त नायकः
श्री सुकान्त कुमार पाणिग्रहीः

क्या **संसदीय कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) "राष्ट्रीय कर्मयोगी" पहल में मंत्रालय की भागीदारी ने किस प्रकार अपने अधिकारियों में सेवा भाव और उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ किया है;

(ख) नागरिक-केंद्रित दृष्टिकोण और नेतृत्व मूल्यों को विकसित करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आयोजित विभिन्न इंटरैक्टिव कार्यकलापों का ब्यौरा क्या है और वे किस प्रकार देश में, विशेष रूप से ओडिशा राज्य और कंधमाल जैसे आकांक्षी जिलों में अधिक उत्तरदायी और भविष्य के लिए तैयार नौकरशाही को बढ़ावा दे रहे हैं; और

(ग) उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के बाद सार्वजनिक सेवा वितरण की गुणवत्ता, अंतर-विभागीय समन्वय और प्रशासनिक कार्यबल दक्षता में देखे गए विशिष्ट परिणामों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विधि एवं न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री अर्जुन राम मेघवाल)

(क) और (ग) : संसदीय कार्य मंत्रालय ने अपने अधिकारियों में सेवा भाव और उत्तरदायित्व की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रीय कर्मयोगी पहल में सक्रिय रूप से भाग लिया है। इस प्रशिक्षण ने अधिकारियों को अपनी भूमिकाओं के प्रति अधिक जागरूक बनाया है एवं उन्हें और अधिक समर्पण के साथ जनता की सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया है।

(ख) : राष्ट्रीय कर्मयोगी जन सेवा कार्यक्रम, केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए क्षमता निर्माण आयोग द्वारा कार्यान्वित एक व्यापक व्यवहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों में जन सेवा भाव और उनके द्वारा किए जाने वाले कार्य के प्रति संतुष्टि की भावना उत्पन्न करना है। इसके कार्यान्वयन हेतु, सभी मंत्रालयों/विभागों में तीन दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशालाओं के माध्यम से मास्टर प्रशिक्षकों (एमटी) को प्रशिक्षित किया गया है। मास्टर प्रशिक्षक, बदले में, अपने मंत्रालय/विभाग के सभी कर्मचारियों को 30-35 अधिकारियों के बैच में प्रशिक्षित कर रहे हैं। यह कार्यक्रम सरकारी कर्मचारी के संदर्भ में निहित इंटरैक्टिव शिक्षण विधियों का उपयोग करता है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

(i) परिस्थितिजन्य अभ्यास, जहाँ प्रतिभागी अपने कार्य करने के तरीकों को बेहतर बनाने के लिए सामूहिक रूप से विचार-विमर्श करते हैं (कर्मयोगी कार्यशैली का परिचय)।

(ii) विस्तृत टीम डिज़ाइन अभ्यास जिसमें प्रतिभागी अपने अनुभाग में अपनी वर्तमान भूमिकाओं और कार्य पर तथा विभाग के प्रति और व्यापक राष्ट्रीय लक्ष्यों के प्रति अपने योगदान पर विचार करते हैं।

वर्तमान योजना के अनुसार, यह कार्यक्रम केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए है।

*****